हिन्दी का शिक्षणशास्त्र – 1

प्रत्येक प्रश्न संख्या के अन्तर्गत दिए गए विकल्पों में से आपने जिस प्रश्न को उत्तर देने के लिए चुना है, उसके आगे बने बॉक्स पर निशान (✓) अवश्य लगाएँ अन्यथा आपका उत्तर अमान्य हो सकता है ।

लघु-उत्तर वाले प्रश्न (लगभग 100 शब्दों में उत्तर दें) ।

प्रत्येक प्रश्न के लिए अधिकतम अंक 5 है ।

1. राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा-2005 के आलोक में प्राथमिक स्तर पर हिन्दी भाषा शिक्षण के उद्देश्यों को समझाएँ ।

अथवा

बिहार पाठ्यचर्या की रूपरेखा-2008 के आलोक में प्राथमिक स्तर पर हिन्दी भाषा शिक्षण के उद्देश्यों को समझाएँ ।

2. चौथी कक्षा के हिन्दी की पाठ्यपुस्तक 'कोंपल' के निम्नलिखित में से किसी **एक** पाठ को लें और यह बताएँ कि उसके अध्ययन से बच्चों को क्या-क्या सिखाने का प्रयास किया गया है ?

कक्षा-4 कोंपल भाग-4	
पाठ-2 : चार मित्र	पाठ-10 : तीन बुद्धिमान
पाठ-4 : बिल्ली का पंजा	पाठ-14 : बिजूका

3. सुनने-बोलने की प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा क्या है और क्यों ?

अथवा

हिन्दी लिखने को सिखाने में आनेवाली चुनौतियाँ कौन-कौन सी हैं ? उनकी संक्षिप्त चर्चा करें ।

4. कक्षा में बच्चों की बातचीत के प्रति शिक्षक क्या सोचते हैं ?

अथवा

बच्चों को बातचीत के पर्याप्त अवसर मिले, इसके लिए कक्षा में अध्यापक की किस प्रकार की भूमिका अपेक्षित है ?

5. "सभी बच्चे अपनी एक निश्चित गति से सीखते हैं ।" यह कथन हिन्दी शिक्षण के संदर्भ में आकलन में किस प्रकार के बदलावों की अपेक्षा करता है ?

अथवा

हिन्दी भाषा की कक्षा में आकलन व मूल्यांकन के विभिन्न तरीकें कौन-कौन से हो सकते है ? संक्षेप में चर्चा करें ।

6. पढ़ना सिखाने के वर्ण-विधि से क्या तात्पर्य है ? दो उदाहरण देकर समझाएँ ।

अथवा

लिखना एक तरह से बात-चीत है । कैसे ? समझाएँ ।

7. नीचे दिए वाक्यों में से **संज्ञा और विशेषण** की पहचान करें और उसे लिखें :

(क) नेहा आजकल अपने गाँव में बहुत सारे सामाजिक कार्य कर रही है ।

(ख) मैं जिस विद्यालय में हिन्दी पढ़ाती हूँ, वहाँ के बच्चों को बहुत सारी भाषाएँ आती हैं ।

(ग) नरेश और रंजना ने राज्यस्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया ।

(घ) मेरे पास हिन्दी की नवीनतम कहानियाँ हैं । क्या आप पढ़ना चाहेंगे ?

(ङ) आज मेरे सहकर्मी शिक्षक ने मुझे त्रि-भाषा सूत्र के महत्वपूर्ण बिन्दुओं के बारे में समझाया ।

8. चार ऐसे शब्दों का उदाहरण दें जिनका **एक से अधिक अथ** हो । प्रत्येक शब्द से कम से कम दो-दो ऐसे वाक्य बनाएँ जो उसके दो अलग-अलग अर्थ प्रस्तुत करते हों ।

दीर्घ-उत्तर वाले प्रश्न (न्यूनतम 350 शब्दों में उत्तर दें) ।

प्रत्येक प्रश्न के लिए अधिकतम अंक 10 है ।

9. प्राथमिक स्तर के हिन्दी विषय के पाठ्यक्रम के किसी विषयवस्तु को लेकर एक सीखने की योजना का निर्माण करें । उस योजना में आपने जिन शिक्षण विधियों का चुनाव किया है, उसके पीछे के कारण को भी जरूर बताएँ ।

अथवा

प्राथमिक कक्षाओं में लेखन कौशल के विकास के क्या-क्या तरीके हैं ? सोदाहरण व्याख्या करें । आपने उन तरीकों में से किन-किन को अपने विद्यालय में आजमाया है और क्या पाया ?

10. पढ़ने के क्या-क्या प्रकार हैं ? उनका सोदाहरण व्याख्या करें । आप इनमें से किन-किन का इस्तेमाल अपने कक्षा के बच्चों के साथ करते हैं और उससे क्या फायदा होता है ?

अथवा

बच्चों के भाषायी क्षमताओं के विकास की प्रक्रिया का वर्णन करें । इसके लिए हिन्दी की कक्षा से कुछ उदाहरणों को प्रस्तुत करें ।